पर्यटन की नई संभावनाओं का सूत्रपात करेगी टूरिज्म कॉन्क्लेव

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 28 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा 29 एवं 30 अगस्त को ग्वालियर के राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री सिंधिया और विधानसभा अध्यक्ष तोमर,अभिनेता पीयूष मिश्रा और फ़ैसल मलिक आयेंगे

के विशिष्ट अतिथि केंद्रीय संचार मंत्री और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर तथा पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री, धर्मेंद्र सिंह लोधी होंगे। कार्यक्रम में अभिनेता पीयूष मिश्रा और फैसल मलिक विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी आज पत्रकार वार्ता में संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला ने दी.प्रमुख सचिव शुक्ला ने बताया कि ग्वालियर-चंबल एवं सागर क्षेत्र की पर्यटन क्षमताओं को पहचानते हुए प्रदेश में पर्यटन निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव आयोजित की जा रहा है। टाइमलेस ग्वालियर- इकोज़ ऑफ़ कल्चर, स्पिरिट ऑफ़ लेगेसी थीम पर केन्द्रित कॉन्क्लेव पर्यटन निवेश, सांस्कृतिक

धरोहर, अनुभवात्मक पर्यटन और क्षेत्रीय विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा 11 से 13 अक्टूबर तक भोपाल में मध्य प्रदेश ट्रैवल मार्ट का आयोजन किया जाएगा।

अनुबंध और साझेदारियों से होगा पर्यटन का विकास

प्रमुख सचिव शुक्ला ने बताया कि कॉन्क्लेव में पर्यटन विकास को गति देने के लिए कई अहम करार होंगे। होटल, रिसोर्ट, वेलनेस और ईको-टूरिज्म क्षेत्र के निवेशकों को लेटर ऑफ अवॉर्ड प्रदान किए जाएंगे। पारंपरिक संगीतज्ञों, लोक कलाकारों और पर्यटक ग्रामों के कलाकारों की क्षमता निर्माण के लिए ग्वालियर की मान सिंह तोमर यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू होगा। इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग और प्रचार-प्रसार के लिए याप डिजिटल, क्रायोन्स एडवरटाइजिंग, जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइज़ेस लिमिटेड, कॉन्सेप्ट कम्युनिकेशन्स साथ अनुबंध होंगे। इन समझौतों से न केवल निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय समुदाय और कलाकार भी प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे।

नई परियोजनाओं का होगा शुभारंभ

हस्तशिल्पों की मार्केटिंग में संस्था डेलबर्टो महत्वपूर्ण साझेदारी होगी। इस साझेदारी से हस्तशिल्प प्रेमी एक विशेष ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म के जरिए सीधे हमारे कारीगरों से जुड़कर उनके द्वारा तैयार किए गए उत्कृष्ट और प्रामाणिक उत्पाद घर बैठे ही खरीद सकेंगे। इंडिगो और आगा खां फाउंडेशन के सहयोग से सीएसआर के अंतर्गत ग्वालियर किले में संरक्षण, लैंडस्केपिंग और इल्युमिनेशन कार्यों का शिलान्यास होगा। स्वदेश दर्शन 2.0 के अंतर्गत ग्वालियर के फूल बाग में अनुभवात्मक पर्यटन परियोजनाओं का शिलान्यास होगा। साथ ही मान सिंह तोमर म्यूजिक यूनिवर्सिटी में विकास कार्यों का शिलान्यास किया जायेगा।

विरासतों, धरोहरों और अनुभवात्मक पर्यटन की संभावनाओं पर होगा मंथन

रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में दो महत्वपूर्ण सत्र होंगे। टूरिज़्म ऐज़ अ कल्चरल ब्रिज - ब्रांडिंग ग्वालियर एंड हार्टलैंड ऑफ़ एमपी विषय पैनल डिस्कशन होगा, जिसमें ग्वालियर की सांस्कृतिक धरोहर, शास्त्रीय संगीत और स्थापत्य कला को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने की रणनीतियों पर विचार होगा। दूसरा पैनल डिस्कशन ग्वालियर एंड चंबल राइजिंग - इनबाउंड अपील हेरिटेज, लग्ज़री एंड एक्सपीरियं विषय पर केंद्रित होगा, जिसमें विरासत, लग्ज़री स्टे, डेस्टिनेशन वेडिंग और अनुभवात्मक पर्यटन जैसे नए आयामों पर संवाद होगा।

जुटेंगे इंफ्लुएंसर्स, हितधारक जानेंगे समृद्ध विरासत

कॉन्क्लेव में इंफ्लुएंसर्स मीट भी होगी। इसमें ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के इंफ्लुएंसर्स शामिल होंगे और उन्हें अभिनेता श्री फैसल मलिक के साथ रूबरू होने का अवसर मिलेगा। इसी तरह ग्वालियर किले पर 30 एवं 31 अगस्त को सुबह 6-30 बजे से योग सत्र का आयोजन किया जाएगा। चयनित अतिथियों एवं प्रतिनिधियों के लिए फैमिलियाराइज़ेशन टूर (स्वरूअश्ह्वह्व) का आयोजन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य ग्वालियर एवं आसपास के पर्यटन स्थलों की संभावनाओं से प्रतिभागियों को प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना है। इस विशेष भ्रमण के माध्यम से प्रतिनिधियों को क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक महत्व आदि का अनुभव कराया जाएगा, जिससे वे निवेश, प्रचार-प्रसार और पर्यटन विकास की दृष्टि से गहराई से जुड़ सकें।

नेरोगेज ट्रेन और यातायात साधन पर यह बोले प्रमुख सचिव

नवभारत ने प्रमुख सचिव शुक्ला से सवाल किया कि केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने नेरोगेज ट्रेन जो बंद हो चुकी है को पर्यटन की दृष्टि से चलाने की बात कही थी,क्या उसे चलाने की कोई योजना है और ग्वालियर में पर्यटकों की कमी का एक कारण यहां पर यातायात का साधन उपलब्ध न होना है उसके लिए कोई योजना बनाई गई है क्या। इस पर प्रमुख सचिव शुक्ला ने कहा कि हम सभी क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं हमारा पहला उदेश्य पर्यटकों को ग्वालियर चंबल संभाग लाना है जब पर्यटक बढ़ेंगे तो पर्यटकों की सुरक्षा और यातायात के साधन भी बढ़ेंगे।

हितधारक पर्यटन व्यवसाय में निवेश की संभावनाओं पर करेंगे चर्चा

रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में ट्रैवल ऑपरेटर्स, होटल व्यवसायियों और पर्यटन क्षेत्र से जुड़े हितधारकों के बीच द्विपक्षीय संवाद और पर्यटन क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा होगी। यह सत्र न केवल क्षेत्रीय पर्यटन के विकास के लिए, बल्कि राष्ट्रीय पर्यटन समृद्धि के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

सांस्कृतिक संध्या में दिखेगा मध्य प्रदेश का गौरव

रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव के प्रथम दिवस सांस्कृतिक संध्या में मध्यप्रदेश का गौरव देखने को मिलेगा। इस दौरान कलाकारों द्वारा लोककला की प्रस्तुति दी जाएगी। इसी प्रकार मैहर बैंड समां बांधेगा। इस कॉन्क्लेव में विशेष पर्यटन प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें मध्यप्रदेश के विविध पर्यटन स्थलों, पर्यटन इकाइयों, होस्पिटैलिटी ब्रांड्स, होमस्टे, रिसॉर्ट्स, हैंडलूम/हैंडिक्राफ्ट, साहसिक गतिविधियों और सांस्कृतिक धरोहरों को समर्पित स्टॉल लगाए जाएंगे। यह प्रदर्शनी निवेशकों, ट्रैवल एजेंट्स, टूर ऑपरेटर्स, स्थानीय उद्यमियों और आगंतुकों को एक मंच पर लाकर पर्यटन क्षेत्र में संभावनाओं को प्रत्यक्ष रूप से प्रस्तुत करने का अवसर देगी। प्रेस वार्ता में विदिशा मुखर्जी मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड की अतिरिक्त प्रबंध निदेशक और ग्वालियर जिला कलेक्टर रुचिका चौहान भी मौजूद रही.

मेला की दुकानों की ई टेंडरिंग के खिलाफ ढोल ताशे बजाकर अनोखा विरोध प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 28 अगस्त. ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण के मुख्यालय पर आज दोपहर उस वक्त विचित्र स्थिति बन गई जब सैकड़ो की तादाद में जुटे मेला व्यापारियों ने ढोल ताशे बजाकर मेला प्राधिकरण के नीति नियंताओं के खिलाफ अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया। मेला व्यापारियों की नाराजगी सवासौ साल पुराने ग्वालियर मेला की दुकानों को पहली दफा ईटेंडरिंग के जरिए नीलाम करने की कवायद को लेकर थी। मेला व्यापारियों को आशंका है कि ईटेंडरिंग की प्रक्रिया से पीढ़ी दर पीढ़ी दुकानें लगाते आ रहे पारंपरिक छोटे मझौले व्यापारियों के हाथों से मेला की दुकानें छिन जाएंगी और धन संपदा की दम पर ऊंची बोली लगाकर गरीब दुकानदारों का हक मारकर धनाढ्य लोग इन दुकानों को हासिल कर लेंगे।

मेला प्राधिकरण के दफ्तर पर आज गुरुवार सुबह से ही सैकड़ों की तादाद में मेला

व्यापारी जुटने लगे थे। मेला व्यापारियों ने सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर तक प्राधिकरण के दफ्तर के बाहर ढोल, मजीरे और ताशे बजाकर ईटेंडरिंग प्रक्रिया के प्रति विरोध जताया। प्रदर्शन की समाप्ति पर मेला व्यापारी संघ के अध्यक्ष महेंद्र भदकारिया, सचिव महेश मुदगल, संयुक्त अध्यक्ष एवं प्रवक्ता अनिल पुनियानी, संयोजक उमेश उप्पल, सह संयुक्त अध्यक्ष जगदीश उपाध्याय, कार्यकारी अध्यक्ष अनुज गुर्जर, कोषाध्यक्ष सुरेश हीरयानी, हरिकांत समाधिया, बब्बन सेगर आदि के नेतृत्व में मेला प्राधिकरण कार्यालय में ज्ञापन पत्र सौंपकर दुकान आवंटन की ईटेंडरिंग प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की। ज्ञापन में यह भी चेतावनी दी गई है कि ईटेंडरिंग प्रोसेस को अभी वापस नहीं लिया गया तो बहुत जल्द तीखा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

इस अवसर पर मेला व्यापारियों ने मांग की कि मेला में विगत वर्ष दुकानें लगाने वाले व्यापारियों से तत्काल पैसा जमा कराकर उन्हें दुकानें आवंटित की जाएं। मेला व्यापारी संघ को ऑनलाइन प्रक्रिया पर कोई एतराज नहीं है लेकिन ईटेंडर प्रोसेस को स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

मेला व्यापारी संघ के नेताओं ने मेला प्राधिकरण के अव्यावहारिक एवं असंवेदनशील निर्णय की आलोचना करते हुए कहा कि व्यापार मेला की 75 प्रतिशत दुकानों को ई टेंडर के माध्यम से आवंटित किया जाना और सिर्फ 25 प्रतिशत दुकानें ही पुराने दुकानदारों को प्राथमिकता के आधार पर आवंटित करना कहीं से भी उचित नहीं है। हो सकता है कि मेला में पांच प्रतिशत शिकमी दुकानदार हों, अथवा वे दुकानों का गलत तरह से हेरफेर करते हों लेकिन उनके इस कृत्य की सजा सभी सौ प्रतिशत दुकानदारों को नहीं दी जा सकती है।

मेला व्यापारी संघ ने चुनौती दी कि ग्वालियर मेला में यदि शिकमी या नकली दुकानदार है तो उसकी जांच कर उनके आवंटन निरस्त किए जाएं। निष्पक्ष जांच कराने का दायित्व मेला प्राधिकरण का है। व्यापारी संघ ने अपने इस मत को दोहराया कि मेला में दुकान आवंटन की वही प्रक्रिया अनवरत रखी जाए जो पिछले 119 साल से मेला में जारी है।

भगवत सहाय कॉलेज को मिली करोड़ों की सौगातें

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 28 अगस्त. डॉ. भगवत सहाय शासकीय महाविद्यालय ग्वालियर में लगभग 4 करोड़ 15 लाख की लागत राशि से नवनिर्मित प्रवेश द्वार, विज्ञान भवन, कम्प्यूटर लैब एवं स्मार्ट कक्षा का लोकार्पण कार्यक्रम प्रद्युम्न सिंह तोमर, ऊर्जा मंत्री के मुख्य आतिथ्य एवं जय प्रकाश राजोरिया जिला अध्यक्ष भाजपा की अध्यक्षता में हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप मे महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष रामअवतार सिंह बैस सहित कई गढ़मान्य लोग उपस्थित रहे

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.के. श्रीवास्तव एवं जनभागीदारी अध्यक्ष राम अवतार सिंह बेस द्वारा मंचासीन अतिथियों का तुलसी के पौधा देकर स्वागत किया गाय

मुख्य अतिथि प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं जिला अध्यक्ष द्वारा महाविद्यालय के वर्तमान प्राचार्य डॉ. आर. के. श्रीवास्तव को सेवानिवृत्त होने निमित्त शॉल-

श्रीफल से सम्मान करते हुये उनके कार्यकाल की भावपूर्ण प्रशंसा की गई। जिससे डॉ. आर. के. श्रीवास्तव प्राचार्य ने कहा की मुझे महाविद्यालय के प्रत्येक क्षण स्मरणीय रहेगे मुझे सदैव सभी का साथ एवं सहयोग मिलता रहा है जिसके कारण मे महाविद्यालय के विकास एवं प्रगति मे अपना योगदान दे पाया.

महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष रामअवतार सिंह बैस द्वारा मंत्री से विशेष आग्रह किया की इस महाविद्यालय में विज्ञान संकाय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर कक्षाओं की सुविधा प्रदान की जायें एवं महाविद्यालय मे एलईडी हाईमास्क लाईट, महाविद्यालय के प्रवेश द्वार पर एवं प्रांगण में स्थापित किये जाने एवं महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के ब्लॉक में 400 मीटर के एप्रोच रोड़ को सीसी रोड़ उपलब्ध कराने का विशेष अनुरोध किया गया। जिसे अपने उद्बोधन में मंत्री तोमर ने सहजता से स्वीकार किया उन्होंने कहा की में सदैव आने वाली नई पीढ़ी के उज्वल भविष्य के लिए तत्पर रहकर कार्य करता रहूँगा क्यों की यही हमारे देश का भविष्य है जिला अध्यक्ष ने महाविद्यालय मे हों रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा की एक समय यह कॉलेज एक छोटे से प्रांगण में संचालित होता था पर आज इसका सुंदर व्यापक रूप देखकर प्रसन्नता हुई यह सब ऊर्जामंत्री के मार्गदर्शन एवं जनभागीदारी अध्यक्ष एवं प्राचार्या की मेहनत का नतीजा हैं.कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी डॉ. ब्रजवाला राय द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया

कार्यक्रम मे अशोक शर्मा अरविंद राय, राजकुमार परमार, ओमकार भदौरिया, केशव मांझी, दारा सिंह सेंगर, दीपक शर्मा, योगेन्द्र तोमर, बृजमोहन शर्मा, महेश भदौरिया, चिंटू परमार, लवि खंडेलवाल, अरूण वाजपेयी, शिवसिंह यादव,महेन्द्र आर्य, मीरा मानसिंह राजपूत, देवेन्द्र राठौर, हरीबाबू शिवहरे, प्रदीप रत्नागर, दीपक मांझी, वरिष्ठ नेता कल्लू दीक्षित, शिवबीर सिंह भदौरिया,महेश गौतम, प्रयाग सिंह तोमर, जगत सिंह कौरव, मनमोहन पाठक,सुभेद्र यादव,उपस्थित रहें।

निगमायुक्त ने किया जनकल्याण, श्रम एवं संबल शाखा का औचक निरीक्षण, कर्मचारी मिले अनुपस्थित

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 28 अगस्त. नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने सुबह जनकल्याण, श्रम एवं सबंल शाखा में औचक निरीक्षण किया तथा अधिकांश कर्मचारी अनुपस्थित मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी संबंधित अधिकारी व कर्मचारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने आज गुरुवार को निगम मुख्यालय स्थित जनकल्याण शाखा के साथ ही श्रम कल्याण एवं सबंल शाखा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के

दौरान जब निगमायुक्त अंदर कक्ष में पहुंचे तो ज्यादातर कुर्सियां खाली पायी गईं तथा कर्मचारी अपनी सीट पर नहीं मिले। जिसको लेकर निगमायुक्त श्री संघ प्रिय ने नाराजगी व्यक्त की तथा अधिकारियों को निर्देशित किया जो भी अधिकारी तथा कर्मचारी समय पर उपस्थित नहीं हो रहा है। उसका एक दिवस का वेतन काटा जाए तथा नोटिस जारी किया जाए।

विधवा की कहानी सुन भावुक हुए ऊर्जा मंत्री इंजीनियर को डांटकर जुड़वाया कनेक्शन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 28 अगस्त. ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर एक विधवा महिला की कहानी सुनकर भावुक हो गए। यह विधवा महिला अपने दो नाबालिग बेटों के साथ छह दिन से अंधेरे में रह रही थी। महिला ने रोते हुए अपनी परेशानी मंत्री को बताई तो वह भावुक हो गए। उन्होंने तुरंत असिस्टेंट इंजीनियर को फटकार लगाई और महिला के घर बिजली कनेक्शन जोड़ने को कहा। इसके बाद महिला के घर बिजली कनेक्शन जोड़ दिया गया है।

बताया जा रहा है कि नई सड़क पर रहने वाली महिला का छह हजार रुपये बिजली बिल बकाया था। इसी वजह से उसके घर का कनेक्शन काट दिया गया था। वह छह दिन से बिजली विभाग के चक्कर काट रही थी, लेकिन कोई उसकी बात नहीं सुन रहा था। गुरुवार को उसने ऊर्जा मंत्री के सामने अपनी पीड़ा बयां की और तुरंत ही उसकी समस्या का समाधान हो गया।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह इससे पहले भी कई मौकों पर बिजली विभाग के अधिकारियों को फटकार लगा चुके हैं। मई के महीने में वह रात तीन बजे बिजली विभाग के ऑफिस पहुंच गए थे। इंजीनियर को फटकार लगाई थी। इसके बाद उन्होंने जून के महीने में एसी नहीं चलाने का फैसला किया था।

जिले में खाद दुकानों का अभियान बतौर निरीक्षण

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 28 अगस्त. जिले के किसानों को सुव्यवस्थित ढंग से खाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर आज प्राथमिक सहकारी संस्थाओं सहित जिले की विभिन्न खाद दुकानों का निरीक्षण अभियान चलाया गया।

इस क्रम में अपर कलेक्टर श्री कुमार सत्यम एवं श्री सी. बी. प्रसाद सहित जिले के एसडीएम और तहसीलदारों ने अलग-अलग क्षेत्रों में खाद दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकानों में उपलब्ध खाद की मात्रा, वितरण की स्थिति और

किसानों को दी जा रही सुविधाओं का बारीकी से परीक्षण किया गया।

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसानों को खाद प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन के प्रावधानों के अनुरूप किसानों को खाद का वितरण सुनिश्चित किया जाए और यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

खाद की बोरी बांट कर घर लौट रहे समिति प्रबंधक को बदमाशों ने पीटा, 55 हजार लूट ले गए

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 28 अगस्त ग्राम हथलई से खाद की बोरी बांट कर लौट रहे सहकारी समिति प्रबंधक के साथ बदमाशों ने जमकर मारपीट की ओर नगदी से भरा बैग लूट ले गए। बेग में खाद वितरण के 55 हजार रुपये नगद, रिकॉर्ड ओर पीओएस मशीन रखी थी। घटना हथलई ओर सलैया के बीच की बताई गई है। जानकारी मिलने पर जिगना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले में शामिल बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार सेवा सहकारी समितियों पर खाद वितरण का काम चल रहा था। सेवा सहकारी समिति हतलई समिति पर भी खाद वितरण चल रहा था। समिति प्रबंधक जसवंत सिंह परिहार खाद बांट कर रुपया, पीओएस मशीन ओर जरूरी दस्तावेज लेकर बाइक से वापस दतिया अपने घर आ रहा था। जैसे

ही हतलई ओर सलैया के बीच पहुंचा तभी बाइक सवार दो बदमाश मिले। आरोपियों ने पत्थरों से मारपीट कर प्रबंधक को घायल किया। फिर बेग लूट कर भाग गए। जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी रचना माहौर, एसडीओपी विनायक शुक्ला मौके पर पहुंचे हैं।

पूर्व मंत्री अरविंद भदौरिया को सरकारी आवास खाली करने का नोटिस

ग्वालियर 28 अगस्त. शिवराज सरकार में वरिष्ठ मंत्री रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता अरविंद भदौरिया को अब रेसकोर्स रोड स्थित शासकीय बंगला नंबर 35 खाली करना होगा. यह बंगला मंत्री के रूप में उन्हें मिला था, लेकिन चुनाव हारने और मंत्री पद छोड़ने के बाद भी उनके द्वारा बंगला खाली नहीं किया गया है. कुछ दिनों पहले उनके बंगले में चोरी हो गई थी, जिससे मामला हाईलाइट हो गया. तब प्रशासन की नींद टूटी. अब पूर्व मंत्री को बंगला खाली करने को लेकर एसडीएम झांसी रोड ने नोटिस जारी किया है. इसमें उन्हें आज यानी 28 अगस्त तक का अल्टीमेटम है. अगर इस पर पूर्व मंत्री ने बंगला नहीं छोड़ा तो बेदखल करने की कार्रवाई की जाएगी.

नवचंडी एवं शिवपुराण में पहुंचकर जीतू पटवारी ने की पूजा

ग्वालियर। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी सिरसौद पहुंचे। पटवारी यहां सूर्यकांत पांडेय द्वारा आयोजित महामृत्युंजय जाप एवं नवचंडी पाठ शिवपुराण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने इस दौरान शिवलिंग की पूजा अर्चना की। सिरसौद पहुंचने पर कांग्रेसजनों ने जीतू पटवारी का स्वागत किया।

M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.
Office of The Dy. General Manager (North) City Division, Roshanighar Campus Gwalior (M.P)
E-mail : dgmnorthcitygwl@gmail.com
NIT No. DGM/NORTH/GWL/2025-26/2725 Gwalior, Dated : 28.08.2025

NOTICE INVITING E-TENDER (OPEN TENDER)

MPMKVVCL hereby invites E-Tender for hiring the below mentioned type of vehicles in the following locations.

Name of unit/Office	Particulars	Tender Fee (Rs.)	EMD (Rs.)	Date of Opening of Bids Online
Office of The TRANSPORT NAGAR ZONE UNDER DGM (CITY DIV.NORTH), MPMKVVCL GWALIOR (M.P.)	Hiring of Vehicle Type-F5, Mini Pick up-Double Cabin With Ladder/Any Low-End SUV Half Open From Backside For Carriage Of Man, Materials, Ladder, Etc. Or Equivalent. For (F.O.C) Three Shift Year-2025	500/- + GST @18% Extra	3,000/-	09.09.2025 at 15:00 Hrs.

Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in** & **https://mptenders.gov.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/121755/2025 DGM (NORTH) CITY DIVISION GWALIOR

M.P. POWER GENERATING CO. LTD.
(Govt of Madhya Pradesh Undertaking)
Office of Addl. C.E. (GEN.) Rajghat HPS, Chanderi
GSTIN: 23AADCM4472A1ZZ; Email: serhps@gmail.com
No. : 597-6100/T- 015 /25-26/Tr- 444845/560 Chanderi, Dated: 28.08.2025

NOTICE INVITING TENDER

Tender No.	2025_MPPGC_444845
Particular	Work contract for deployment of 5 No. of unskilled worker for housekeeping and allied activities including security at oxygen bottling & refilling plant, Bina (MP) for 12 months.
Estimated Cost (Rs.)	Rs. 13.55 Lakh including GST.
Tender Fee (Rs.)	1,000.00
EMD (Rs.)	27,100.00
Last Date of Bid Submission	10.09.2025; till 15:30 Hrs
Tender Open Date	12.09.2025; 16:00 Hrs onwards

Tenders are invited through e-tendering system. For viewing detailed NIT, downloading tender documents and participating in Electronic Tenders, for any clarifications and/or due date extension or corrigendum, please visit the website **www.mptenders.gov.in** regularly.
M.P. Madhyam/121744/2025 ADDL. CHIEF ENGINEER

M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.
OFFICE OF THE CHIEF GENERAL MANAGER (GR) GWALIOR
Motijheel, A.B. Road, Gwalior-474010
Phone : 0751-2448202, Fax : 0751-2448280, E-mail ID : gmpurchasegwl@gmail.com
CGM/GR/11-A/2025-26/6406 Gwalior, Dated : 26.08.2025

NOTICE INVITING E-TENDER (OPEN TENDER)

MPMKVVCL hereby invites E-Tender for hiring the below mentioned Truck Mounted Crane in the following locations :-

TS No.	Name of Unit/ Office	Particulars	Tender Fee (Rs.)	EMD (Rs.)	Date of Opening of Bids Online
TS-105	Office of The CGM (GR), MPMKVVCL, Motijheel, Gwalior	Hiring of Truck Mounted Crane in the circle under MPMKVVCL (Gwalior Town – City Circle Gwalior, Morena Town – O&M Circle Morena, Bhind Town–O&M Circle Bhind for Six Months	2000/-+ GST @ 18 % Extra	10000/-	11.09.2025 @15:30 Hrs.

Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/121759/2025 CHIEF GENERAL MANAGER (GR)

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95